राजस्थान विश्वविद्यालय,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर–302004

क्रमांकः उ.कु./गोप. प्रथम/2026/ दिनांकः

प्राचार्य/विभागाध्यक्ष,
संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालय/विभाग,
राजस्थान विश्वविद्यालय,
जयपुर।

विषयः स्नातक सेमेस्टर–द्वितीय के नियमित विद्यार्थियों के माह मई, 2026 के सतत् मूल्यांकन अंक (Mid Term Examination Marks/Continuous Assessment Marks) ऑनलाइन अपलोड़ करने बाबत्।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं पत्र क्रमांक उ.कु./गोप. प्रथम/2026/1397–1408 दिनांक 08.05.2026 की निरन्तरता में आपको सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप विश्वविद्यालय द्वारा जारी पाठ्यक्रम एवं दिशा–निर्देशों का भली–भांति अवलोकन कर स्नातक सेमेस्टर–द्वितीय के नियमित विद्यार्थियों के माह मई, 2026 की सतत् मूल्यांकन अंक (Mid Term Examination Marks/Continuous Assessment Marks) की संपूर्ण प्रक्रिया (मूल्यांकन हेतु उपयोग में ली जाने वाली उत्तर–पुस्तिका/प्रश्न–पत्र/प्रोजेक्ट रिपोर्ट इत्यादि) महाविद्यालय/विभाग स्वयं अपने स्तर पर सम्पन्न कर अंक विश्वविद्यालय परीक्षा पोर्टल www.univraj.org पर College Pannel के माध्यम से **दिनांक 25.05.2026 तक एवं ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरे जाने हेतु निर्धारित तिथि के समानान्तर तिथि तक अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।**

सम्बन्धित महाविद्यालय/विभाग अंतिम तिथि का इंतजार ना करते हुए निर्धारित समयावधि में सावधानी पूर्वक ऑनलाइन अंकों को अपलोड़ करें। ऑनलाइन अंक अपलोड़ करते समय किसी भी प्रकार की समस्या होने पर ई–मेल आई.डी. drsecyuorj@gmail.com पर पत्र प्रेषित कर सूचित करें। **विश्वविद्यालय के पत्राचार करते समय महाविद्यालय/विभाग का कोड़ व मोबाइल नम्बर अनिवार्य रूप से अंकित करें तथा आन्तरिक परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्रों के उपस्थिति पत्रक, अंकसूची तथा उत्तर–पुस्तिकाओं को महाविद्यालय स्तर पर 07 वर्ष तक सुरक्षित रखी जावे, जिसे विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यकता होने पर मंगवाई जा सकती है।** साथ ही अंक अपलोड़ करने में किसी भी प्रकार की समस्या हेतु निम्नलिखित अधिकारियों से ई–मेल आई.डी. drsecyuorj@gmail.com एवं दूरभाष के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है:–

1. श्री नरेन्द्र कुमार शर्मा, सहायक कुलसचिव (परीक्षा गोपनीय) – 9829924270
2. श्री प्रीतम सिंह, सहायक कुलसचिव (परीक्षा गोपनीय) – 9414887498

नोटः **नियमित छात्रों को पाठ्यक्रम के सेमेस्टर के अन्त में परीक्षा (EoSE) की पात्रता हासिल करने के लिए विद्यार्थी को सतत् मूल्यांकन में न्यूनतम सी–ग्रेड (C-GRADE) (40 प्रतिशत) अंक तथा न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अर्जित करना आवश्यक होगा। यदि विद्यार्थी सतत् मूल्यांकन में 40% से कम अथवा अनुपस्थित रहता है तो उसे उसी कक्षा में पुनः प्रवेश लेकर परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। दिनांक 11.05.2026 से ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरे जा रहे हैं। परीक्षा आवेदन–पत्र केवल उन्हीं छात्रों का खुलेगा, जिनका सतत् मूल्यांकन के अंक अपलोड़ कर प्राचार्य द्वारा ऑनलाइन सत्यापित कर दिए गए हैं।**

–Sd–
परीक्षा नियंत्रक
दिनांकः 18/5/26

क्रमांकः उ.कु./गोप. प्रथम/2026/ 1236-45
प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रो. जी.पी. सिंह, निदेशक (अकादमिक), रा.वि.वि., जयपुर।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेन्टर, रा.वि.वि., जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रसारित करवाने का श्रम करावे।
3. अतिरिक्त कुलसचिव, रा.वि.वि., जयपुर।
4. सहायक कुलसचिव (परीक्षा/नामांकन/शैक्षणिक–प्रथम), रा.वि.वि., जयपुर।
5. निजी सचिव, कुलगुरु/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, रा.वि.वि., जयपुर।
6. सम्बन्धित कम्प्यूटर फर्म को प्रेषित कर लेख है उक्त सूचना को परीक्षा पोर्टल पर अपलोड करने का श्रम करें।

सहायक कुलसचिव
(परीक्षा गोपनीय)